<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय। कई प्रमुख वस्तुओं और सेवाओं के करों में की गई कटौती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कटौती और सुधारों से आम आदमी को मिलेगा लाभ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश दो हजार सैंतालीस अभियान की शुरुआत। कहा–गांव से लेकर अकादमिक संस्थाओं को विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ जोड़ना होगा।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती दो हजार इक्कीस में अभ्यर्थियों को दी राहत। निरस्तीकरण आदेश रद्द कर तीन माह में प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश।
- प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में भारी बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित। कई नदियां उफान पर।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक कल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में शुरू हुई। इसमें देश की अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श के बाद वित्त मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। एक रिपोर्ट–

**वित्त मंत्री ने बताया कि आम आदमी और मध्यम वर्ग की वस्तुओं पर पूरी तरह से कर कटौती की गई है। हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप, साबुन की टिकिया, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामान पर जीएसटी को घटा कर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। छोटी कारों और मोटरसाइकिलों, तिपहिया वाहनों, बसों, ट्रकों और एम्बुलेंसों पर जीएसटी को अट्ठाइस प्रतिशत से घटाकर अठारह प्रतिशत कर दिया गया है। सभी ऑटो पार्ट्स पर अब एक समान अठारह प्रतिशत जीएसटी लगेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी बारह प्रतिशत से से घटाकर शून्य कर दिया गया है। साथ ही कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया। सभी व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों, चाहे वे टर्म लाइफ, यूलिप या एंडोमेंट पॉलिसियाँ हों और पुनर्बीमा पर भी जीएसटी से छूट दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी में बदलाव बाइस सितंबर से लागू होंगे। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जीएसटी में कटौती और सुधारों से आम आदमी, किसानों, एमएसएमई और मध्यम वर्ग को लाभ होगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष दो हजार सैंतालीस तक के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश दो हजार सैंतालीस अभियान का शुभारंभ किया। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष क्यूआर कोड और ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया। इनके जरिए सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपने सुझाव देने का आह्वान किया है। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव से लेकर अकादमिक संस्थाओं को विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प से जोड़ना होगा।

**गांव आत्मनिर्भर होगा विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। उसके लिए रास्ता दिखाना है। इसके लिए तैयारी होनी है। इसके संकल्प के साथ हर एक व्यक्ति को जोड़ना है। अकादमिक संस्थाओं में इस पर चर्चा हो अकादमिक संस्थाएं हमारी टापू ना बन जाए अपने तक सीमित ना रह जाए बल्कि विकसित भारत के इस अभियान में विकसित उत्तर प्रदेश के इस अभियान में वह भी हिस्सेदारी दें।**

इस अवसर पर विजन डॉक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस के लिए एक–दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप का भी आयोजन हुआ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल आईआईटी कानपुर के समन्वय से उद्योग–अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उनकी मौजूदगी में भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन डीपटेक भारत दो हजार पचीस का उद्घाटन भी हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर को डीपटेक इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा।

**मेरा मानना है कि यह एक नया फील्ड होगा जिसमें हमें कार्य करने की आवश्यकता है। उसमें खास तौर पर मैं इस बारे में कहूँगा की आईआईटी कानपुर इस दिशा में प्रयास करे की हम लोग भारत का पहला डीप टेक भारत ट्वेंटी ट्वेंटी फाइव की दिशा में आगे बढ़े। एक अच्छा हमारा समिट हो यहाँ पर जो डीप टेक भारत को लेकर के कार्य कर सके और आईआईटी कानपुर को इसका सेंटर बनाया जाना चाहिए।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखेंगे और गोरखा रिक्रूटमेंट डिपो में गोरखा युद्ध स्मारक के सुन्दरीकरण और संग्रहालय निर्माण का चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ अनिल चौहान के साथ शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री आज ही गोरखनाथ मंदिर में शुरू हो रहे पुण्यतिथि समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती दो हजार इक्कीस में प्रदेश के लगभग अठारह जिलों के सैकड़ों अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला देते हुए उनकी याचिकाओं को मंजूर कर लिया। हाईकोर्ट ने याची अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्तीकरण आदेश को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देशित किया कि वे भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा है कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा, जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी और जिनका मामला याचिकाकर्ताओं के समान है। भर्ती में कई अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा से वंचित रह गए थे।

**********

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे कल अयोध्या के दौरे पर आ रहे हैं। वहां के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि उनके दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**भूटान गणराज्य के माननीय प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में हो रहा है और लगभग सुबह साढ़े नौ बजे वो आएँगे उनका रेड कारपेट वेलकम यहाँ पर जो प्रोटोकॉल है उसके तहत होगा उसके पश्चात उनको हम लोग राम जन्म भूमि मंदिर में ले जाएँगे जहाँ वो दर्शन पूजन करेंगे एवं मंदिर का अवलोकन करेंगे, उसके पश्चात उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन हम लोगों द्वारा किया गया है।**

**********

केंद्र सरकार ने लोगों को प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के फर्जी पोर्टल के प्रति आगाह किया है। कुछ वेबसाइट सरकार के उपक्रम होने का झूठा दावा कर रही हैं। ऐसे में सभी नागरिकों, नियोक्ताओं और हितधारकों को धोखाधड़ी वाली वेबसाइट और भर्ती के झूठे दावों से सतर्क रहने की सलाह दी गयी है। सरकार द्वारा लोगों से आग्रह किया गया है कि वे ऐसे पोर्टल के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और न ही कोई भुगतान करें।

**********

प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में भारी बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जलजमाव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमंडलीय परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसके चलते प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है। अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए पीलीभीत, हापुड़ और मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारियों ने कक्षा बारह तक के स्कूलों को आज बंद रखने का निर्णय लिया है। उधर, अत्यधिक वर्षा होने और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। जिसके चलते कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति बनी हुई हैं। शाहजहांपुर में खन्नौत और गर्रा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील कर रहा है। गौतमबुद्धनगर में हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जिसके कारण दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन गई है। बदायूं में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बरेली में भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वहां कल केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राहत शिविर में जा कर सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**********

यूपी टी ट्वेंटी लीग के कल हुए पहले क्वॉलिफायर में काशी रुद्रास ने मेरठ मावेरिक्स पर पांच रनों से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बना ली। काशी रुद्रास ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ को एक सौ सड़सठ रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करते हुए मेरठ की टीम सात विकेट पर एक सौ इकसठ रन ही बना सकी।

**********